सं. 12024/03/2024- रा.भा (का.2)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग (का.2)
***

एनडीसीसी-2 भवन, जय सिंह रोड
नई दिल्ली-110001
दिनांक-25 जुलाई, 2025

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय : नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों को 'प्रोत्साहन' देने हेतु प्रदर्शन आधारित वार्षिक प्रमाण पत्र देने के संबंध में।**

कृपया उपरोक्त विषय पर दिनांक 22.10.2024 के समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन का संदर्भ लें।

केंद्र सरकार के देश भर में फैले कार्यालयों/ बैंकों/ उपक्रमों आदि में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के मार्ग में आई कठिनाईयों को दूर करने के लिए नराकासों का गठन किया गया है। इसी क्रम में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों में कार्य करने की प्रेरणा व प्रोत्साहन को बढ़ाने के उद्देश्य से उल्लेखनीय कार्य करने वाले नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों को सम्मानित करने के लिए विभिन्न श्रेणियों का निर्धारण किया गया है। प्रोत्साहन हेतु तय किए गए श्रेणियों के वर्गीकरण एवं मानदंड के आधार पर मूल्यांकन किया जाना है।

2. सभी नराकास वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान की गई बैठकों, कार्यशालाओं एवं नवोन्मेषी कार्यों का ब्यौरा (चित्र सहित) तत्काल नराकास सूचना प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन भरना सुनिश्चित करें। जिन नराकासों ने पूर्व में इस तरह की रिपोर्ट भर दी है, वे भी यथासंभव उसमें अद्यतन कर सकते हैं। यह रिपोर्टें दिनांक 31.07.2025 तक भरी जा सकती हैं।

3. उल्लेखनीय है कि आगामी 14-15 सितंबर 2025 को गांधीनगर, गुजरात में आयोजित होने वाले सम्मेलन में प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

अनिल कुमार

(अनिल कुमार)
उप सचिव (का.)

प्रति:

1. सभी क्षे.का.का के प्रभारी अधिकारी कृपया इसे नराकासों को परिचालित करवाएँ।
2. सभी 536 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के अध्यक्ष।